an>

Title:Regarding bad condition of roads in Banda Parliamentary Constituency.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा-चित्रकूट के अन्तर्गत सड़कों की हालत बहुत ही खराब है। सड़कों की हालत यह है कि वाहन वहीं रास्ते पर ही गड्ढों में फंस कर खड़े हो जाते हैं। मरीज समय से अस्पताल नहीं पहुंच पाने के कारण अकाल मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। प्रसूता मां अपने बच्चे रास्ते पर ही पैदा करने पर मजबूर है और गम्भीर मां प्रसूता की व बच्चे नवजात अवस्था की समय पर प्रसूत गृह न पहुंच पाने के कारण रास्ते में ही मौत हो रही हैं। राज्य की सड़कें, ग्रामीण सड़कें और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें ध्वस्त पड़ी हैं। कई बार कहने और लिखने के बावजूद भी इन्हें ठीक नहीं किया जा रहा है। अतः आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह राज्य सरकार पर दबाव बनाकर इन सड़कों को अविलम्ब ठीक कराए या सीधे इन सड़कों के मरम्मत और नवनिर्माण के लिए धन उपलब्ध कराने की कृपा करें।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Dr. Kirit P. Solanki is permitted to associate with the issue raised by Shri Bhairon Prasad Mishra.